Topic 55

# अजन्त स्त्रीलिंग सर्वनाम शब्द।

## इकारान्त स्त्रीलिंग मति शब्द।

सर्वनाम्नः स्याड्ढ्रस्वश्च।

आबन्तात् सर्वनाम्नो ङितः स्याट् स्याद्, आपश्च ह्रस्वः। सर्वस्यै। सर्वस्याः2। सर्वासाम्। सर्वस्याम्। शेषं रमावत्।

सर्वस्यै

| | |
|---|---|
| सर्वा + ङे | चतुर्थी एकवचन की विवक्षा में ङे प्रत्यय |
| सर्वा + ए | अनुबन्ध लोप |
| सर्वा + स्याट् ए | स्याट् आगम |
| सर्वा + स्या ए | अनुबन्ध लोप |
| सर्वस्यै | वृद्धि एकादेश |

विभाषा दिक्समासे बहुव्रीहौ।

सर्वनामता वा। उत्तरपूर्वस्यै, उत्तरपूर्वायै।

तीयस्येति वा सर्वनाम संज्ञा। द्वितीयस्यै, द्वितीयायै।

एवं तृतीया।

'अम्बार्थे' ति ह्रस्वः – हे अम्ब! हे अक्क! हे अल्ल!

जरा, जरसौ इत्यादि। पक्षे हलादौ च रमावत्।

गोपा विश्वपावत्। मतीः। मत्या।

PTO

ङिति ह्रस्वश्च ।

इयङ्‌वङ्‌स्थानौ स्त्रीशब्दभिन्नौ नित्यस्त्रीलिङ्गावीदूतौ, ह्रस्वौ च इवर्णो-वर्णौ स्त्रियां वा नदीसंज्ञौ स्तः ङिति । मत्यै, मतये । मत्याः २। मतेः २।

'स्त्री' शब्द को छोड़कर अन्य जिनके स्थान पर इयङ् उवङ् आदेश होते हों, उन नित्यस्त्रीलिङ्गी ईकार और ऊकार को ङित - ङे, ङसि, ङस् और ङि प्रत्यय परे होने पर विकल्प से नदी संज्ञा होती है।

स्त्रीलिङ्ग में ह्रस्व इकारान्त और ह्रस्व उकारान्त शब्द भी ङित विभक्तियों के परे होने पर विकल्प से नदीसंज्ञक होते हैं।

इदुद्भ्याम् ।

इदुद्भ्यां नदीसंज्ञकाभ्यां परस्य ङेराम् । मत्याम्, मतौ शेषं हरिवत् । एवं बुद्ध्यादयः ।

ङेराम्नद्याम्नीभ्यः से भी 'ङि' को 'आम्' हो सकता था तथापि उसका 'औत्' से बाध हो जाने के कारण इस सूत्र की आवश्यकता पड़ी। इस प्रकार इस सूत्र (औत्) का अपवाद है।